कार्यक्रम संपन्न

से सुरक्षा और अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। साथ ही कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण भी वितरित किए।

क्रिक हिल फाउंडेशन पुणे द्वारा बागली क्षेत्र को मिली बड़ी सौगात

बागली ■ राज न्यूज नेटवर्क

महाराष्ट्र के पुणे से संचालित क्रिक हील फाउंडेशन द्वारा बागली क्षेत्र के लिए चलित चिकित्सालय आरोग्य यान की सौगात दी गई है।

जिसका लोकार्पण बागली नगर के गांधी चौक चौराहे पर फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती अनुपमा काटकर की उपस्थिति में किया गया। भैया जी दाणी सेवा न्यास एवं सेवा भारती उप समिति जटाशंकर बागली के तत्वाधान में क्रिक हील फाइनेंसर पुणे द्वारा बागली क्षेत्र के लिए चलित चिकित्सालय आरोग्य यान की सौगात दी गई है।

जिसे बागली के आदिवासी बहुमूल्य क्षेत्र में गरीब वर्ग को स्वास्थ्य सुविधाओं का सीधा लाभ मिलेगा। लोकार्पण समारोह कार्यक्रम में क्रिक हील फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती अनुपमा काटकर एवं मैनेजर अजय शिर्केए बागली एसडीएम शोभाराम सोलंकी एवं स्वयंसेवक संघ के जिला कारवांह धर्मेंद्र सिंह सेंधव उपस्थित रहे जिनकी उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित कर उक्त चलित चिकित्सालय आरोग्य यान का लोकार्पण किया गया।

उक्त चलित चिकित्सालय आरोग्य यान से आदिवासी बहुल क्षेत्र में कई हद तक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ सीधा पीड़ित व्यक्ति के घर तक पहुंचेगा। जिस का संचालन सेवा भारती उप समिति जटाशंकर द्वारा किया जाना है। उक्त चलित चिकित्सालय आरोग्य यान का मुख्य उद्देश्य हर गरीब व जरूरतमंद व्यक्ति को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ देना है। उसी उद्देश्य से पुणे से संचालित उक्त फाउंडेशन द्वारा बागली क्षेत्र को यह सौगात दी गई है।

लोकार्पण समारोह कार्यक्रम के पहले मां भारती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी नगर वासियों को संबोधित करते हुए फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर अजय शिर्के द्वारा फाउंडेशन के बारे में कई महत्वपूर्ण बातें बताई गई वह फाउंडेशन का उद्देश्य क्या है उस पर भी प्रकाश डालते हुए कई महत्वपूर्ण बातों से आमजन को अवगत कराया। वही सेवा भारती समिति की ओर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह धर्मेंद्र सिंह सेंधव ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि क्रिक हिल फाउंडेशन ने जो भरोसा सेवा भारती समिति पर किया है उस पर वह पुर्ण रुप खरा उतरने का प्रयास करेगी और जिस उद्देश्य से चलित चिकित्सालय आरोग्य यान सौपा गया है। उसका सुचारू रूप से संचालन कर क्षेत्र की जनता को लाभ देने का प्रयास किया जाएगा। बागली एसडीएम शोभाराम सोलंकी ने संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के काम करना आसान बात नहीं है इसके लिए समर्पण भाव अति आवश्यक होता है। क्रिक हील फाउंडेशन द्वारा जो जनहित के कार्य किए जा रहे है। पुणे से निकल कर बागली पहुचे ओर इतनी बडी सौगात क्षेत्र को दी है। हमे भी इसी प्रकार सेवाभाव राह पर चलकर हमारे क्षेत्र के लिए काम करना चाहिए। मेरा नही हमारा भावनाओं को लेकर काम करना चाहिए। इसी दौरान सेवा भारती के छात्रों द्वारा कार्यक्रम में आदिवासी गीतों पर प्रस्तुति भी दी गईए संचालन शिक्षक राकेश नागौरी द्वारा किया गया वहीं अंत में आभार मुकेश गुर्जर द्वारा माना गया।